हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 किसान बनकर कृषि अधिकारियों ने खरीदा 50 किलो चना बीज



09 नरयावली के 12 गांवों की 5,246 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित



## खबर संक्षेप

### ऑडिटोरियम में संघ का युवा संवाद आज

**विदिशा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में युवा संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आज शनिवार को रविंद्रनाथ टैगोर सभागृह में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम में 16 से 35 वर्ष के युवा शामिल हो सकेंगे। संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में के रूप में शामिल होंगे।

### आरक्षण में सुधार की मांग, आज विदिशा बंद

**विदिशा।** सर्व समाज एकता मंच द्वारा एससी, एसटी एक्ट, यूजीसी एक्ट एवं जातिगत आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर आज शनिवार को विदिशा बंद का आव्हान किया गया है। संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन को लेकर माधवगंज चौराहे से बड़ा बाजार तक जुलूस के माध्यम से बाजार बंद का आव्हान किया गया।

### 2 दिन बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बार फिर इंतजार करना पड़ेगा। शनिवार से सोमवार तक नीलामी बंद रहेगी। मंडी में खरीदी और नीलामी मंगलवार से दोबारा शुरू होगी। शनिवार को चौथे शनिवार के कारण बंद रहेगी। रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा, जबकि सोमवार को वाल्मीकि जयंती के चलते नीलामी नहीं होगी। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए मंगलवार तक इंतजार करना पड़ेगा।

### उच्च शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने गर्ल्स कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और छात्राओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वाणिज्य संकाय की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यावसायिक मॉडल, गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा तैयार पौष्टिक व्यंजन तथा लाइब्रेरी में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। प्राचार्य ने कॉलेज में संचालित शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा प्रयोगशालाओं के सुचारु संचालन की जानकारी दी।

### खाते से पैसे निकालने व धोखाधड़ी की शिकायत

**विदिश।** बरईपुरा निवासी बालकृष्ण बैरागी पुत्र विष्णु प्रसाद बैरागी ने कोतवाली थाने में खाते से पैसे गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में बालकृष्ण ने बताया है कि चार बार उसके खाते में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राशि डाली गई। एक बार 6 हजार, दूसरी बार 20 हजार, तीसरी बार 9 हजार और चौथी बार में 10 हजार रुपए खाते में डाले गए। जब यह राशि खाते से कटी तो साथ में बालकृष्ण के खाते में जमा पैसे 11305 भी गायब हो गए।

जन विश्वास कार्यक्रम के तहत जनता का दिल जीतने गांवों में पहुंच रहे अधिकारी

# आठ महीने से नहीं मिली जननी सुरक्षा की राशि महिलाएं बोलीः एसपी साहब...शराब बंद कराओ

**मन्नूपुरा के ग्रामीणों ने की गांव में पेयजल संकट दूर करने की मांग ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जनपद पंचायत ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत पुरागुसाईं में मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत पहुंचे कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी डीएफओ हेमंत यादव के सामने ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान गांव की महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसपी से गांव में शराबबंदी कराने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताया कि गांव में दो स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। शराब पीकर घर लौटने वाले परिवार के सदस्य उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं, जिससे वे बेहद परेशान हैं। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से कहा साहब हमारे गांव से शराब बंद कराओ, हम शराब के कारण बहुत परेशान हैं। एसपी ने थाना प्रभारी सुदामासिंह ठाकुर को कार्रवाई के निर्देश दिए।

***एसपी ने टीआई को दिए निर्देश: गांव में जहां दो स्थानों पर शराब बिक रही है वहां करो कार्रवाई।***



**विदिशा।** निरीक्षण के दौरान अवैध शराब की शिकायत करतीं महिलाएं।

***महिला को जननी सुरक्षा योजना की राशि दिलाने कलेक्टर ने सीएमएचओ को दिए निर्देश।***

***अतिक्रमण की शिकायत हल करने एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को निर्देश जारी किए।***

### सियासी में अतिक्रमण की शिकायत की गई

जन विश्वास कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने सियासी ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। यहां ग्रामीणों ने किसानों द्वारा रास्तों पर किए गए अतिक्रमण की शिकायत की। सियासी निवासी कुबरबाई और राजीव आदिवासी ने बताया कि रास्ते पर कई वर्षों से अतिक्रमण होने के कारण उन्हें अपने खेतों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी को मामले का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

### महिला ने मांगी जननी सुरक्षा राशि

मन्नूपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर ने पीएचई के एसडीओ को समस्या का समाधान के निर्देश दिए। वहीं महिला दुर्गा पुरते ने शिकायत की कि उसके बच्चे के जन्म के 8 महीने बाद भी जननी सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिली। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ को राशि दिलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अधिकारियों सहित ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंच हेमंत रघुवंशी, पृथ्वीराज मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### पैदल निरीक्षण कर जानी ग्रामीणों की समस्याएं

पुरागुसाईं में कलेक्टर और एसपी गांव में पैदल भ्रमण पर निकले। आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसी दौरान रास्ते में खड़ी महिलाओं ने एसपी को रोककर अवैध शराब की बिक्री और उससे परिवारों में उत्पन्न हो रही परेशानियों को साझा किया।

### स्वामित्व योजना में शामिल नहीं हो पाए आदिवासी परिवारों के नाम

जनविश्वास कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने पुरागुसाईं ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सरपंच पृथ्वीराज मीणा ने बताया कि गांव के आदिवासी परिवारों के नाम स्वामित्व योजना में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्होंने पात्र परिवारों के नाम योजना में जोड़ने की मांग की। जिससे आदिवासी परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। वहीं ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या से भी अधिकारियों को अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर और एसपी ने माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से दशहरा और दीपावली पर्व मनाने के कारण पूछे। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक त्योहारों के महत्व के बारे में जवाब दिए। निरीक्षण के दौरान बच्चे कक्षाओं में जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते मिले। कलेक्टर ने प्रभारी शिक्षक को स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था करने निर्देश दिए।

# जिलाबदर होने के बाद भी गांव में छिपकर रह रहा था आरोपी, एक साल की सजा

**आदेश का उल्लंघन करने पर सुनाया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी संतोष उर्फ मच्छी कुशवाह (36) निवासी विदिशा को न्यायालय ने एक वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमोल अग्रवाल की अदालत ने सुनाया।

अभियोजन के अनुसार जिला दंडाधिकारी विदिशा ने 8 मार्च 2022 को संतोष उर्फ मच्छी कुशवाह को विदिशा सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ जिलों की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद आरोपी आदेश का उल्लंघन कर अपने गांव में छिपकर रह रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने पर करारिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक और पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश की। वह गांव में स्कूल भवन के पास मिला। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

### शरद पूर्णिमा कलः सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 7:22 बजे से सोमवार सुबह 6:29 बजे तक

**विदिशा।** इस वर्ष शरद पूर्णिमा का पावन पर्व कल रविवार को मनाया जाएगा। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार इस बार शरद पूर्णिमा पर कई दुर्लभ और शुभ योगों का संयोग बन रहा है, जिससे पर्व का महत्व और अधिक बढ़ गया है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा या कोजागर पूर्णिमा कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि भगवती महालक्ष्मी यह देखने के लिए भ्रमण पर निकलती हैं कि 'कौन जाग रहा है' (को जागर्ति)। जो भक्त जागकर माता की आराधना करते हैं, उन्हें माता लक्ष्मी धन-धान्य का आशीर्वाद देती हैं। इसी रात भगवान श्रीकृष्ण ने रासलीला भी रची थी।

**पूर्णिमा तिथि:** रविवार सुबह 11:59 बजे से सोमवार सुबह 9:41 बजे तक। **सर्वार्थ सिद्धि योग:** 25 अक्टूबर शाम 7:22 बजे से 26 अक्टूबर सुबह 6:29 बजे तक। **रवि योग:** सुबह 6:28 बजे से शाम 7:22 बजे तक। **हर्षण योग:** सूर्योदय से शाम 5:22 बजे तक, इसके बाद वज्र योग रहेगा। **पूजा और अनुष्ठान का विधान खीर का भोग:** अर्धरात्रि में गाय के दूध से बनी खीर भगवान को भोग लगाई जाती है। खीर से भरे पात्र को रात में खुली चांदनी में रखा जाता है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा होती है।

# पहले कहा निलंबित करेंगे फिर प्रभारी और जनशिक्षक को नोटिस देकर की खानापूर्ति!

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

संकुल धामनोद के अंतर्गत आने वाली सेमरा टप्पा माध्यमिक शाला में बच्ची के घायल होने का मामला तूल पकड़ने के बाद आखिरकार शिक्षा विभाग हरकत में आया है। विभाग ने शाला प्रभारी मंजू सोनी और संबंधित जनशिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। दरअसल स्कूल के जर्जर बाथरूम की दीवार गिरने से एक छात्रा के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन में अनियमितता और स्कूल भवन की बदहाल स्थिति को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। यह मामला मीडिया में प्रमुखता से उठने के बाद अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर प्रतिवेदन तैयार किया।

जांच रिपोर्ट के आधार पर ही यह कार्रवाई की गई है। लेकिन कार्रवाई को लेकर विभाग में ही असमंजस की



स्थिति दिख रही है। एक ओर जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि उन्होंने डीपीसी को पत्र लिखा है, वहीं दूसरी ओर डीपीसी आरपी लखेर ने ऐसा कोई पत्र मिलने से ही इनकार कर दिया। अधिकारियों के बयानों में इस विरोधाभास से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि नोटिस के बाद सिर्फ खानापूर्ति होगी या स्कूल की जर्जर बिल्डिंग और भोजन व्यवस्था में वाकई सुधार होगा, जिसका इंतजार छात्र और अभिभावक कर रहे हैं।

# दुर्गा विसर्जन के दौरान बज रहे डीजे पर चालानी कार्रवाई से श्रद्धालु नाराज, दो घंटे चक्काजाम

**माता दुर्गा की विदाई में उमड़ा आस्था का सैलाब, क्रेन से हुआ विसर्जन, सुबह तक निकला चलसमारोह**

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

गुरुवार की देर शाम मां दुर्गा की विदाई पर शमशाबाद में आस्था और उत्साह का संगम देखने को मिला। प्रतिमा विसर्जन का उत्साह शुक्रवार सुबह तक देखते ही बना।

नगर में पहुंचीं प्रतिमाओं के चल समारोह में ढोल-ताशों की गूंज, रंग-बिरंगी रोशनी और माता रानी के जयकारों गूंजे। एक दर्जन समितियों ने बीनागंज, नरसिंहगढ़, भोपाल, बासौदा, मंडीदीप और विदिशा से डीजे व ढोल बुलवाए थे। विसर्जन



का सिलसिला सुबह 10 बजे तक चला। नगर परिषद ने नदी घाट पर क्रेन की व्यवस्था की, जिससे कर्मचारियों ने प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी और व्यापार महासंघ की ओर से झांकियों की आरती उतारकर समितियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डीजे पर चालानी कार्रवाई से नाराजगी, पुल पर लगाया जाम सुबह पुलिस द्वारा आधा दर्जन डीजे संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने पर कुछ समितियों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए नदी के पुल पर चक्काजाम कर दिया। इससे तीन प्रतिमाओं का विसर्जन करीब दो घंटे रुका रहा। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण कुमार माहेश्वरी ने तहसीलदार और नगर निरीक्षक से चर्चा की। हिंदू उत्सव समिति और युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने भी कार्रवाई पर नाराजगी जताई। बातचीत के बाद जाम खुला और विसर्जन शुरू हुआ। एसडीओपी अमरीश बोहरे, नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह सहित पटवारी, कोटवार और नगर परिषद कर्मचारियों ने व्यवस्था संभाली। पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न हुआ।

### नियम विरुद्ध डीजे बजाने पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 वाहन जब्त किए

**विदिशा।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान निर्धारित ध्वनि मानकों का उल्लंघन और यातायात बाधित करने पर शमशाबाद पुलिस ने पांच डीजे वाहनों को जब्त किया है। पुलिस ने पांच वाहन चालकों और पांच अज्ञात वाहन स्वामियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 22 अक्टूबर को सांपन नदी पुल से लटेरी जोड़ के बीच पांच मिनी ट्रकों में लगे डीजे रात 2 बजे से सुबह 9:30 बजे तक तेज आवाज में बजाए जा रहे थे। इससे आमजन को परेशानी हुई और मुख्य मार्ग पर यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस द्वारा पहले समझाइश देने और नोटिस जारी करने के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी रहा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई कार्रवाई के दौरान कृष्णा डीजे, डीजे यादव, स्वर्णमाला इवेंट और डीजे नटराज सहित पांच वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस ने आयोजकों से नियमों का पालन करने और ध्वनि प्रदूषण से बचने की अपील की है।

# सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

लायरा चौकी अंतर्गत कुरवाई बीना मार्ग पर बस से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को कुरवाई अस्पताल मर्चुरी में रखवा दिया गया है। कुरवाई पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है। दाहिने हाथ पर गोदना से बिच्छू बना हुआ है। मृतक के शरीर पर काली शर्ट मटमैला जींस है।

### बाइक भिड़ीं: हादसे में घायल दो बाइक सवारों को लवली गार्डन के संचालक ने अस्पताल पहुंचाया

बीती रात लवली गार्डन के सामने सड़क हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए। हादसा दो बाइक आमने सामने से टकराने के कारण हुआ। लवली गार्डन संचालक सुनील कुशवाह ने बताया कि वाहनों के टकराने की आवाज आने के बाद उन्होंने देखा तो दो लोग जख्मी हालत में सड़क पर पड़े हुए थे। सुनील कुशवाह द्वारा तत्काल बंसल ग्रुप के वाहन से दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।



### चरणतीर्थ पर किया श्रमदान, सफाई की मांग

**विदिशा।** चरण तीर्थ धाम पर समाजसेवी युवाओं द्वारा श्रमदान कर घाटों पर जमा मिट्टी हटाने एवं साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। दीपावली सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए घाटों की सफाई आवश्यक है। गंदगी एवं मिट्टी जमा होने से स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्रमदान में रत्नेश सोनी, टिल्लू रैकवार, मनीष सेन, संजय सैनी, जीवन सिंह एवं जेके टेलर सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से घाटों की नियमित सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है।



### अभी से सूखने लगा कालीदास बांध



**विदिशा।** बारिश अभी खत्म ही हुई है और शहर की प्यास बुझाने वाला बेतवा नदी का कालीदास बांध सूखने लगा है।

सेंट मेरी स्कूल में इंटर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

# स्कूलों की 19 टीमों के 550 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को को सागर डायसिस की इंटर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सागर डायसिस की शैक्षणिक संस्थाओं की 19 टीमों के 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर डायसिस के बिशप राईट रेवरेंड डॉ. जेम्स अतिकलम रहे। सेंट मेरी कॉलेज के संचालक फादर सिंटो वर्गीस, सिरोंज स्कूल मैनेजर फादर एंटोनी रेफरी फादर सेंटो, फादर लिस, श्री सूरज सेंट फ्रांसिस रायसेन तथा अंशुमन ट्रिनिटी कॉन्वेंट विदिशा सहित विभिन्न संस्थाओं से आए फादर, सिस्टर, कोच उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग लिया। खिलाड़ियों ने शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, 100 मीटर, 200 मीटर, 400, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़ तथा रिले रेस में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

समापन पर बिशप रेवरेंड डॉ. जेम्स अतिकलम की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरित किए गए। सेंट मेरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र सिंह सचान, नेशनल क्रिकेट प्लेयर ईती राय एवं राष्ट्रीय स्तर की जैवलिन खिलाड़ी तेजस्वनी राजपूत उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के मैनेजर फादर जोस, प्राचार्य सिस्टर थेरेसा एवं वाइस प्रिंसिपल अनिल वीएस के मार्गदर्शन में किया गया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7150
सरसों
न्यूनतम भाव-7250
उच्चतम भाव-8150
चना
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7401
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-8800
गेंहू
न्यूनतम भाव-2420
उच्चतम भाव-5450
बटरी
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3300
मूंग
न्यूनतम भाव-7010
उच्चतम भाव-7010
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-8200
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-2650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-3400
ज्वार
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4790

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 35327 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पांच विधाओं—पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। लोकनृत्य में केवल हिंदुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि पर प्रस्तुति मान्य नहीं होगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित एवं क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा।

### निर्धारित स्थानों पर ही करें पटाखों का भंडारण और विक्रयः कलेक्टर

सागर । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिले में पटाखों के भंडारण एवं विक्रय को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पटाखों के भंडारण और विक्रय की व्यवस्था निर्धारित नियमों के अनुसार की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के वार्ड 6 स्थित गायत्री नगर में शुक्रवार दोपहर 1 बजे 11 केव्ही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 65 वर्षीय प्रभुलाल गुप्ता की मौत हो गई। वह घर की तीसरी मंजिल के छज्जे पर खड़े थे। रहवासियों के मुताबिक, गुटखा थूकते समय वह बिजली लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनका शरीर झुलस गया। प्रभुलाल पिछले 10 साल से किराए के मकान में रह रहे थे। वह मूल रूप से छतरपुर के रहने वाले थे और मिस्त्री का काम करते थे। हादसे के बाद वार्डवासियों ने बिजली कंपनी की व्यवस्था पर नाराजगी जताई। पार्षद मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि इलाके में मेंटेनेंस नहीं होता। बिजली के पोल, लाइन और डीपी जर्जर हैं। कई घरों के पास से 11 केव्ही लाइन गुजर रही है। इसे हटाने के लिए कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। मकान मालकिन पदमा चिढ़ार ने भी बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से लाइन हटाने की मांग की थी, अधिकारियों ने जल्द हटाने का भरोसा दिया, लेकिन लाइन नहीं हटाई गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मंडी में बीज विक्रय की शिकायत पर दो फर्मों पर हुई कार्रवाई

# किसान बनकर कृषि अधिकारियों ने खरीदा 50 किलो चना बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा






नवीन कृषि उपज मंडी में मंडी व्यापारियों द्वारा चना, मसूर, गेहूं जैसी कृषि जिंसों को बीज के रूप में किसानों को बेचने की लगातार मिल रही शिकायतों पर शुक्रवार को कृषि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। शिकायत की जांच के लिए पहुंचा अधिकारियों का दल स्वयं किसान के रूप में ही बीज खरीदने मंडी में फर्मों पर पहुंचा था और दो फर्मों पर बीज विक्रय पर कार्रवाई की गई है। साथ ही अन्य फर्मों के भी स्टाक की जांच कर उन्हें किसानों को बीज के रूप में सामान्य अनाज न बेचने के निर्देश दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि मंडी में व्यापारियों एवं कुछ फर्मों द्वारा चना, मसूर, गेहूं, सरसों आदि उपज के बीज बेचे जा रहे थे। मंडी व्यापारी बीज विक्रय के लिए अधिकृत नहीं हैं और उनके द्वारा किसानों से ही खरीदा गया अनाज साफ कर बीज के रूप में बेचा जा रहा था। इसकी शिकायत प्रशासन को मिलने पर एसडीएम अनुभा जैन ने एसडीओपी शिखा भलावी की उपस्थिति में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त दल का गठन किया और इस दल को इस शिकायत की जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जांच दल किसानों के रूप में कंजना पठार स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचा और व्यापारिक फर्मों पर बीज खरीदने की बात कहकर 50 किलो चना बीज खरीद लिया। इस दौरान दीप माला ट्रेडर्स और गगन ट्रेडर्स पर किसानों को सामान्य अनाज को बीज के रूप में विक्रय करते हुए पाया गया।

जिसके बाद एसडीएम और एसडीओपी ने पहुंचकर मौके पर ही पंचनामा तैयार किया। इसके बाद दल ने मंडी की अन्य फर्मों का भी निरीक्षण कर उनके भंडारण का अवलोकन किया। इस कार्रवाई के बाद मंडी के व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई व्यापारियों ने अपनी फर्मों से बीज विक्रय तत्काल बंद कर दिया। वहीं किसानों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

इस संयुक्त दल में बीज निरीक्षक सोनू सिंह लोधी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर, मंडी निरीक्षक आकाश जैन शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि मंडी व्यापारी बीज विक्रय के लिए अधिकृत नहीं हैं। उनके पास बीज बेचने का लाइसेंस नहीं है, फिर भी वे किसानों को गुमराह कर चना, मसूर और गेहूं की सामान्य उपज को बीज बताकर बेच रहे थे। इससे किसानों को अंकुरण और उत्पादन में भारी नुकसान होने की आशंका रहती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे वर्तमान रबी सीजन में चना, मसूर, सरसों और गेहूं की बुवाई के लिए बीज केवल अधिकृत बीज लाइसेंसधारी विक्रेता से ही खरीदें। साथ ही दुकानदार से पक्का बिल लेना न भूलें। बिल होने से यदि बीज में कोई शिकायत आती है तो किसान अपनी शिकायत कृषि विभाग में दर्ज करा सकते हैं और उन्हें मुआवजा भी मिल सकता है। बिना बिल के बीज खरीदने पर किसान शिकायत से वंचित रह जाते हैं। विभाग ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यापारी बिना लाइसेंस के बीज बेचता है या अधिक दाम वसूलता है तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग या एसडीएम कार्यालय को दें, ताकि उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। कृषि विभाग के एसएडीओ सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने बताया कि उक्त कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर आवश्यक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है। वहीं एसडीएम अनुभा जैन ने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन नजदीक है, ऐसे में अमानक और बिना प्रमाणित बीज बेचने से किसानों की पूरी फसल खराब हो सकती है। इसलिए कृषि विभाग को लगातार निगरानी रखने और नियमित रूप से सैंपलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध हो सके और वे धोखाधडी का शिकार न बन सकें।

## कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भरता की मिशाल पेश कर रहे हैं। नगर के युवा सुरेश विश्वकर्मा के पुत्र सुनील विश्वकर्मा ने वर्ष 2018 में आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण के बाद वे एमपीईबी में मीटर रीडर के रूप में कार्य करने लगे। लेकिन यहीं तक सीमित न रहते हुए उन्होंने अपने तकनीकी ज्ञान को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोलर टेक्नीशियन का प्रशिक्षण भी पूरा किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, संचालन और मेंटेनेंस से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीखे। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सुनील ने सोलर इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के कार्यों में भी भागीदारी शुरू कर दी। इससे उन्हें अपनी नियमित नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त तकनीकी कार्य करने और आय बढ़ाने का अवसर मिला। सुनील की यह यात्रा क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह दर्शाती है कि आईटीआई जैसे तकनीकी पाठ्यक्रम और निरंतर सीखने की ललक से रोजगार के नए रास्ते खुलते हैं। आधुनिक समय में सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग को देखते हुए सोलर टेक्नीशियन जैसे पाठ्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## पटाखों के अवैध भंडारण, निर्माण और बिक्री पर रहेगी कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर आम जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय दण्ड अधिकारियों को पटाखों के विक्रय एवं भंडारण की प्रभावी निगरानी के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत पर्व अवधि में बाजार क्षेत्रों, पटाखा बिक्री स्थलों व अस्थायी दुकानों पर कर्मचारियों की राउंडवार ड्यूटी लगाकर सतत निरीक्षण करने, तथा सभी थोक व फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस और वैध दस्तावेजों की जांच करने को कहा गया है। साथ ही, पटाखों के अवैध निर्माण, भंडारण और विक्रय पर पूर्ण रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी विक्रेता प्रतिबंधित पटाखे न बेचे, लाइसेंस सीमा से अधिक स्टॉक न रखे और विस्फोटक नियमों के तहत अग्निशमन उपकरणों व सुरक्षा दूरियों का पालन करे। इस कार्य के लिए राजस्व, पुलिस, नगरपालिका और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण दल गठित किया गया है, जो प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। किसी भी स्थान पर अवैध गतिविधि या लापरवाही पाए जाने पर पुलिस के सहयोग से तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 111 तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला यात्रा पर जाएंगे

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 24 अक्टूबर को सागर जिले से 111 तीर्थयात्रियों का श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित है। यात्रियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार सभी तीर्थयात्रियों को प्रदाय किए गए टिकट, फोटो एवं आधार कार्ड के साथ 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे तक कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर से चयनित तीर्थयात्रियों को बस द्वारा बीना जंक्शन के लिए रवाना किया जाएगा।

## शराब पीने से मना करने पर होता था झगड़ा, ब्लेड से गला काटकर मारा

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पत्नि की ब्लेड से गला काटकर निर्मम हत्या करने वाले आरोपी पति को न्यायाधीश ने आजीवन करावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी ने बताया कि गोकल आदिवासी निवासी गुरोद ने 2 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र चरण अपनी पत्नी रीना और दो बच्चों चैन सिंह और सोमत सिंह के साथ गांव में ही रहता है। बीती रात चरण सिंह का अपनी पत्नी से विवाद हो रहा था। जिस पर वह उनके घर गया और उन्हें समझा बुझाकर अपने दोनों पोतों चैन सिंह और सोमत सिंह को अपने साथ ले आया। सुबह जब वह चरण सिंह के घर पहुंचा तो देखा कि चरण सिंह घर के बाहर बैठा है और कमरे में जमीन पर बिछे बिस्तर पर पडी थी। जिसकी गर्दन से खून निकल रहा था और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इस सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया और साक्षीगणों के बयान के बाद अभियुक्त चरण आदिवासी द्वारा मृतिका रीना आदिवासी की ब्लेड से गला काटकर निर्मम हत्या करना पाया गया। जिसके बाद अभियुक्त चरण आदिवासी के विरूद्ध नटेरन थाना में धारा 296, 103 बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर कथन लिए गए। जिसमें उसने बताया कि उसकी पत्नि रीना शराब पीने से मना करती थी। इस कारण उसका और उसकी पत्नि का आये दिन झगड़ा होता था। इस बात से वह तंग आ गया था तो उसने उसे जान से मारने का मन बनाया। रात को जब रीना घर से बाहर चली गई थी, तो उसने रीना को प्यार से घर में बुलाया और उसे कहा कि झगड़ा नहीं करूंगा, हम सो जाते हैं, तो रीना सो गई। जैसे ही रीना की नींद लगी तो अभियुक्त ने उसकी गर्दन को ब्लेड से काट दिया। उसने जिस ब्लेड से रीना की गर्दन काटी थी, वह ब्लेड उसने घर में ईंटो के नीचे फंसा दी थी और वह वहीं बैठा रहा। सुबह उसके पिता और चाची आये और उन्होंने रीना को मरा हुआ देख लिया तब वह वहां से भाग गया। अभियुक्त के बताये अनुसार पुलिस ने उससे ब्लेड और खून से सनी हुई बनियान जब्त की गई।

प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां अपर लोक अभियोजक डॉ अखिलेश लाहोरी ने निर्मम हत्या के लिए आरोपी को कठोर से कठोर सजा दिये जाने की मांग की। न्यायालय हरप्रसाद वंशकार द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रकरण में साक्ष्य की विवेचना के आधार और अपर लोक अभियोजक डॉ अखिलेश लाहोरी के तर्कों से सहमत होते हुये आरोपी चरण आदिवासी को धारा 103 (1) बीएनएस 2023 में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदण्ड से तथा अर्थदण्ड जमा न किये जाने पर पृथक से 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहोरी द्वारा दी गई।

## वार्ड क्रमांक 13 में पानी की बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के वार्ड 13 स्थित चक्क स्वरूप नगर में गुरुवार को दोपहर के समय एक दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय बालक की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। घर में परिजन सफाई और पुताई के काम में लगे थे, जबकि बालक नीचे खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह घर के बाहर रखी पानी की बाल्टी के पास पहुंचा और उसमें सिर के बल गिर गया। काफी देर बाद परिजनों की नजर उस पर पड़ी। वे तत्काल उसे शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक के पिता रोहित ठाकुर के परिजन घर की ऊपरी मंजिल पर सफाई-पुताई कर रहे थे, बालक नीचे खेल रहा था। इसी दौरान बाल्टी में झांकने से संतुलन बिगड़ने से उसमें गिर गया और दर्दनाक हादसा घटित हो गया। इस हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। यह प्रतियोगिता 22 से 27 अक्टूबर तक इंदौर में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों में सिद्धि शर्मा कक्षा 11, सुमित दांगी कक्षा 12, अंशी सेन कक्षा 9 ,पलक राय कक्षा 9, प्रिया सूर्यवंशी कक्षा 6 आदि शामिल हैं।

खिलाड़ियों के चयन पर शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों सहित उनके मार्गदर्शक कपिल गौड़ को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शिविर में हुई 113 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

संत हिरदाराम नगर में संचालित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में नागरिक सेवा समिति एवं सिंधी समाज के सहयोग से शुक्रवार को ग्राम रसूलपुर में विशाल निशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय बृज किशोर शर्मा एवं स्वर्गीय सुखदेवी शर्मा की स्मृति में उनके परिजनों पुत्र सत्यप्रकाश शर्मा, प्रवल शर्मा के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में आँखों की जाँच और उपचार के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर समिति के नेतराम, प्रकाश माहेश्वरी, महेंद्र सूर्यवंशी, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, भोपाल से पधारे हुए डॉक्टर हितेश मचलानी, बासौदा सेंटर के हरिप्रसाद सेन एवं दीपक कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे और अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में 113 मरीजों का पंजीयन व जाँच नेत्र जाँच की गई। ऑपरेशन हेतु चयनः जाँच के उपरांत मोतियाबिंद व अन्य समस्याओं से ग्रसित 26 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। इसके अलावा अन्य जरूरतमंद मरीजों की आँखों की जाँच कर उन्हें निशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। आयोजकों और समिति के सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## चेतना सेवा समिति के सदस्यों ने किया डॉ. शर्मा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सेवा ही सच्चा धर्म है, इस कहावत को चरितार्थ कर रहे नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजबाबू शर्मा का जन्मदिन चेतना सेवा समिति कार्यालय पर बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। समिति के सदस्यों ने 81 वर्ष पूर्ण कर चुके डॉ. राजबाबू शर्मा को शॉल ओढ़ाकर, मोतियों की माला एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि डॉ. राजबाबू शर्मा नगर के जाने-माने वरिष्ठ चिकित्सक हैं और वर्ष 2014 से चेतना सेवा समिति से जुड़े हुए हैं। वे पिछले 12 वर्षों से लगातार, बिना किसी अवकाश के, प्रति शुक्रवार प्रातः 8:30 से 9:30 बजे तक समिति कार्यालय पर आकर निःस्वार्थ भाव से अपनी चिकित्सीय सेवाएं दे रहे हैं, जो आज 2026 तक भी अनवरत जारी है। 81 वर्ष की आयु में भी वो शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हैं और उनका सक्रिय रहना सभी के लिए प्रेरणा का विषय है। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दीर्घायु हों और इसी तरह नगरवासियों की सेवा में अपना योगदान देते रहें। कार्यक्रम में चेतना सेवा समिति के सचिव डॉ. आरसी शर्मा, कोषाध्यक्ष मेहरबान सिंह राजपूत, सदस्य सुरेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष अर्जुन लाल पांचाल, गंगाराम शर्मा, अनिल साहू सहित चेतना सेवा समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुगलसराय स्थित पेट्रोल पंप पर 25 अक्टूबर को भव्य सुंदरकाण्ड पाठ

**सिरोंज।** ग्राम पंचायत मुगलसराय स्थित पां पेट्रोल पंप पर 25 अक्टूबर को भव्य सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीराम भक्ति से जुड़ने और सुंदरकाण्ड पाठ का पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सुंदरकाण्ड पाठ के आयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में राजगढ़-सुठालिया की प्रसिद्ध सुंदरकाण्ड मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ की प्रस्तुति दी जाएगी। सुंदरकाण्ड गायक प्रेम कुशवाह, सुठालिया के नेतृत्व में मंडली द्वारा पाठ कराया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम के गुणों, हनुमानजी की भक्ति, पराक्रम और समर्पण का गुणगान किया जाएगा। सुंदरकाण्ड को हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। मान्यता है कि श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सुंदरकाण्ड का पाठ करने से मन को शांति मिलती है तथा व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होता है। यही कारण है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर सुंदरकाण्ड पाठ के आयोजन किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। आयोजक वीरेन्द्र पालीवाल ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी की भक्ति का लाभ लेने का आग्रह किया है। आयोजन को लेकर क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों में उत्साह का माहौल है।

### स्व. जितेन्द्र राठी की 11वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज



**बरेली।** मानव सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य को लेकर गुरुकुल सीबीएसई स्कूल के प्रांगण में स्वर्गीय जितेन्द्र राठी (पप्पू भैया) की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 24 अक्टूबर (शनिवार) को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल संचालक प्रशांत राठी ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अपना योगदान देना है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है क्योंकि समय पर उपलब्ध रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्व. जितेन्द्र राठी (पप्पू भैया) की स्मृति को समर्पित यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को प्रोत्साहित करेगा। शिविर के दौरान रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी, ताकि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। गुरुकुल परिवार और आयोजकों की ओर से क्षेत्र के सभी युवाओं, नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों से विनम्र अपील की गई है कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

### सेवादल का ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा

**सागर।** अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को होने वाले शहर सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम गौराबाई दिंगबर जैन मंदिर के पास,तारघर, जवाहरगंज वार्ड में वरिष्ठ गांधीवादी नेता कैलाशचंद्र सिंघई के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, नगरनिगम पार्षद गणों, यंग बिग्रेड और सेवादल परिवार जनों से 25 अक्टूबर को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जिलेभर में चलेंगे जन-जागरण कार्यक्रम

# भाजपा चलाएगी लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ जन-जागरण अभियानः रवि सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा द्वारा 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक "लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ" जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के जिला संयोजक की जिम्मेदारी जिला महामंत्री रवि सोनी को सौंपी गई है। अभियान की तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर में अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिला टोली के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों, नगरों, गांवों एवं बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वही अभियान को जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, रवि सोनी, पंकज पांडेय, संदीप ठाकुर, राज रघुवंशी, अंशुलेखा भावसार, अनुज मित्तल, दुष्यंत धाकड़, डॉ. राहुल जैन एवं संयोज श्रीवास्तव जिला टोली में रहकर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठनात्मक समन्वय के साथ जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्य करेंगे।

#### तथ्यों के साथ जनता के बीच पहुंचेगी भाजपा

अभियान के जिला संयोजक की जिम्मेदारी जिला महामंत्री रवि सोनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गांव-गांव, नगर-नगर और बूथ स्तर तक पहुंचकर संवैधानिक संस्थाओं, निर्वाचन आयोग एवं चुनावी प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने रखेंगे। अभियान के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक मर्यादाओं और मतदाता सूची की पारदर्शिता के संबंध में जन-जागरण किया जाएगा। साथ ही प्रेस वार्ताओं के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण एवं चुनावी व्यवस्था से जुड़े तथ्यों को मीडिया के समक्ष रखा जाएगा। अभियान के तहत विदिशा जिले के विभिन्न नगरों एवं विधानसभा क्षेत्रों में संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व में जनसंपर्क, पदयात्राएं एवं जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची की पारदर्शिता, मतदाता सूची के शुद्धिकरण तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर जनता को जानकारी दी जाएगी।

इसके साथ ही संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से प्रेस वार्ताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें संबंधित विषयों पर तथ्यों को मीडिया के समक्ष रखा जाएगा। अभियान के प्रमुख कार्यक्रमों में प्रबुद्धजन गोष्ठियां, युवा एवं विद्यार्थी संवाद, टिफिन बैठकें तथा बूथ स्तर पर जनसंपर्क शामिल हैं। प्रबुद्धजन गोष्ठियों में वकीलों, डॉक्टरों, शिक्षकों एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से संवाद किया जाएगा। वहीं कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों में युवा संवाद, परिचर्चा, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद एवं पत्रक वितरण के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

बैठक में उपस्थित नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान में निहित है। अभियान के माध्यम से जिलेभर में जनता तक तथ्यों को पहुंचाने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सिरोंज विधानसभा में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों और विधि क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं को किया याद

# पूर्व विधायक राधारमण भार्गव की पगड़ी रस्म में पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. राधारमण भार्गव के पगड़ी रस्म कार्यक्रम में सिरोंज के वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक विदिशा पहुंचे। यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के बीच उपस्थित होकर स्व. भार्गव को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राहुल भार्गव, किरण फाउंडेशन के प्रदेश सचिव डॉ. राकेश भार्गव के पिता स्व. राधारमण भार्गव को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और जनसेवा के कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी, वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता सुभाष बोहत, कांग्रेस नेता कमल सिंह यादव तथा जितेंद्र जैन बब्लू सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजीव जैन सैनानी ने कहा कि स्व. राधारमण भार्गव का जीवन जनसेवा, सामाजिक सरोकारों और अपने दायित्वों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। पूर्व विधायक के रूप में उन्होंने सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यों और जनसामान्य से जुड़े रहने की शैली को क्षेत्र के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे। इस दौरान उनके विधि क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान का भी स्मरण किया गया। वही उन्होंने कहा कि कानून के क्षेत्र में उनकी सेवाएं और सामाजिक जीवन में उनकी सक्रियता उनके व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण पहलू रहे। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में जो स्थान बनाया, वह उनके प्रति लोगों के सम्मान और स्नेह में दिखाई देता है। पगड़ी रस्म के अवसर पर उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का वास्तविक योगदान उसके जाने के बाद भी लोगों की स्मृतियों में जीवित रहता है। स्व. राधारमण भार्गव के सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़ी स्मृतियां परिवार, परिचितों और क्षेत्र के लोगों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेंगी।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 111 तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला यात्रा पर जाएंगे

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 24 अक्टूबर को सागर जिले से 111 तीर्थयात्रियों का श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित है। यात्रियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार सभी तीर्थयात्रियों को प्रदाय किए गए टिकट, फोटो एवं आधार कार्ड के साथ 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे तक कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। कार्यालय कलेक्टर, जिला सागर से चयनित तीर्थयात्रियों को बस द्वारा बीना जंक्शन के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थयात्रियों को मौसम के अनुरूप वस्त्र, ऊनी कपड़े, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री जैसे कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाइयां एवं दाढ़ी बनाने का सामान साथ रखने की सलाह दी गई है।

# जन विश्वास अभियान के तहत राज्यमंत्री ने हॉस्टलों का किया औचक निरीक्षण

### राज्यमंत्री पटेल ने सुनीं समस्याएं, हॉस्टल के छात्रों के साथ किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

राज्य शासन के 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के तहत बरेली क्षेत्र में जनहित और छात्र कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कन्या शाला हॉस्टल और बालक उत्तर माध्यमिक शाला हॉस्टल सहित कुल 4 प्रमुख हॉस्टलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल ने हॉस्टलों में रह रहे छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया और वहां मिलने वाली सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानी।

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने राज्य मंत्री के सामने अपनी जरूरतें और समस्याएं खुलकर रखीं। छात्र-छात्राओं ने हॉस्टल परिसर में राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के साथ खाना भी खाया, मंत्री जी के साथ खाना खाकर छात्र बहुत उत्साहित हुए और अपने आप को बहुत गौरवशाली महसूस किया।

राज्य मंत्री पटेल ने विद्यार्थियों की मांग कूलर, पलंग और बिस्तर की व्यवस्था, वाटर आरओ, कोचिंग क्लासेज को अत्यंत गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बालकों के सीनियर हॉस्टल की व्यवस्थाएं, साफ-सफाई और संचालन बेहद सराहनीय पाया गया। हॉस्टल की उत्कृष्ट देखरेख से प्रभावित होकर राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बालक सीनियर हॉस्टल के अधीक्षक एचपी अहिरवार को पुरस्कार सम्मानित करने की घोषणा की।

### व्यापारियों की बैठक में चुनाव सहित जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

**बरेली।** होटल गैलेक्सी पेलेस में नगर के व्यापारियों की वृहद बैठक हुई। बैठक में व्यापार महासंघ का 3 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए चुनाव व्यापार संघ के गठन के साथ व्यापारियों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा बृज राय गोपाल वासल चंद्र कुमार जैन नन्हेवीर ठाकुर अमन जैन सुनील सोनी अनूप जैन संजय वासल हितेंद्र धाकड़ सहित विभिन्न व्यापार से जुड़े व्यापारियों की भारी उपस्थिति रही। व्यापारियों ने अपने विचार व्यक्त किए व्यापारिक गतिविधियों के साथ जनहितेसी सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। नगर में वाहन पार्किंग नगर यातायात नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने एवं नगर की समस्याओं व्यापारिक हितों जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक के समापन पूर्व विभिन्न विषयों का उल्लेख करते हुए व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भगवान दास राठी ने उपस्थित सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी संगठन का सक्रिय रहना जरूरी है।

### चंद्रा पार्क के संस्थापक स्व. डॉ. सी.बी. सिंह की प्रतिमा का विधायक जैन ने किया लोकार्पण



**सागर।** सिविल लाइन स्थित चंद्रा पार्क के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' की प्रतिमा का लोकार्पण विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्क से जुड़े पुराने सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्व. डॉ. सिंह के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन स्थित चंद्रा पार्क का निर्माण स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' द्वारा कराया गया था। समय के साथ यह पार्क बदहाली की स्थिति में पहुंच गया था, तब विधायक शैलेंद्र जैन ने विधायक निधि से इसके संरक्षण एवं विकास की पहल की थी। तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इस पार्क का लोकार्पण किया गया था। इसके पश्चात विधायक शैलेंद्र जैन के प्रयासों से स्मार्ट सिटी के माध्यम से पार्क का व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण किया गया। आज यह पार्क अपने सुंदर एवं विकसित स्वरूप में सागर शहर की एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक धरोहर के रूप में स्थापित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सैर एवं मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। स्वर्गीय डॉ. सी.बी. सिंह 'चंदू भैया' के पार्क निर्माण एवं शहर के प्रति योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से विधायक जैन ने अपनी विधायक निधि से उनकी प्रतिमा स्थापित करवाई।

# खरगोन के गांधी चबूतरा पर हुआ देवी जागरण कार्यक्रम



**बरेली।** तहसील के सबसे बड़े ग्राम और व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन में नवरात्रि पर्व की धूम बनी रही। 10 स्थान पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया गया। दशहरे के दूसरे दिन खरगोन में दशहरा विजयदशमी पर्व मनाए जाने की परंपरा है।

#### भक्ति गीतों पर नाचे झूमे श्रोत

हिंदू उत्सव समिति खरगोन के तत्वाधान में गांधी चबूतरा मैन मार्केट में रात्रि जागरण के अंतर्गत विशाल देवी जागरण भजन का कार्यक्रम हुआ। समिति अध्यक्ष प्रमोद तिवारी और पदाधिकारियो ने पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रायपुर छत्तीसगढ़ से आए गायक कलाकार नंदू ताम्रकार सुमंत, यस और तिवारी बहनों द्वारा माता रानी के भजनों की संगीत मय प्रस्तुतियां दी गई। देवी भक्त श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचते झूमते रहे। देवी जागरण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत सहत ग्राम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों और भारी संख्या में श्रद्धालु नर नारियों की उपस्थिति रही। सभी का आभार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने व्यक्त किया।

### कमिश्नर दिलीप कुमार ने आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने सागर जिले के रहली क्षेत्र के ग्राम आपचंद पहुंचकर निर्माणाधीन आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, मुआवजा भुगतान एवं प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की जानकारी ली। आपचंद मध्यम सिंचाई परियोजना का निर्माण ग्राम आपचंद के समीप गदेरी नदी पर किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन ने 4 अक्टूबर 2018 को परियोजना के लिए 162.66 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की थी। परियोजना पूर्ण होने पर 19 ग्रामों के 4,830 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना का 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

### ईंटों के निर्माण में नदी नालों का पानी और मिट्टी का जमकर उपयोग

# बारना नदी सहित क्षेत्र के नदी-नालों के किनारों पर अवैध ईंट निर्माण का धंधा!

बारिश समाप्त होते ही सूखने लगा नदी नालों का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

बारना नदी सहित क्षेत्र के अनेक नालों एवं नदियों के किनारों पर बिना अनुमति लाखों ईंटों का निर्माण हो रहा है। ईंटों के निर्माण में नदी नालों की मिट्टी और पानी का जमकर उपयोग करने से उनका स्वरूप बिगड़ने के साथ पानी का जल स्तर कम हो रहा है।

#### परंपरागत ढंग से ईंटों का निर्माण

क्षेत्र में कुछ के पास अनुमति अधिकांश ईंट भट्टों में विभिन्न जरूरी अनुमतियों के बिना लाखों ईंटों का बेधड़क निर्माण और बिना रॉयल्टी क्रय विक्रय का कारोबार



फल फूल रहा है। ईंटों का निर्माण परंपरागत ढंग से अधिक धुंआ छोड़ने वाली सामग्री लकड़ी कंडों पुराने टायरों के उपयोग से हो रहा है। ईंटों को पकाने के लिए चिमनी भट्टों का अभाव होने से वायु प्रदूषण अधिक फैलता है।

#### बिगड़ रहा नदी नालों का स्वरूप

एक ईट भट्टे में 1 लाख से 25000 तक ईंटों को पकाया जाता है। ईंटों के निर्माण में पास की किनारों वाली मिट्टी रेत और पानी का जमकर उपयोग किए जाने से समय पूर्व नदी नालों का पानी सूखने लगा है। जलीय जीवों के समाप्त होने का खतरा और पशुओं को पीने पानी मिलना कठिन हो रहा है।

#### इनका कहना है...

बारना नदी किनारे संचालित ईंट भट्टों का शीघ्र निरीक्षण किया जाएगा। जरूरी दस्तावेजों अनुमतियों की जांच कर अवैध ईंट भट्टों के संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**शैलेश सिंह**
तहसीलदार बरेली

### बंडा सिंचाई परियोजना की विधायक लारिया ने की समीक्षा

# नरयावली के 12 गांवों की 5,246 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बंडा सिंचाई परियोजना की समीक्षा बैठक कर परियोजना की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। बैठक में परियोजना के शेष कार्यों, नहर एवं पाइपलाइन विस्तार तथा नरयावली विधानसभा क्षेत्र के चिह्नित गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने के संबंध में चर्चा की गई।

अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना अंतिम चरण में है तथा नहरों एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य शीघ्र शुरू होने की संभावना है। विधायक श्री लारिया ने शेष कार्यों को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने, विभागीय समन्वय बनाए रखने तथा निर्धारित गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

बंडा सिंचाई परियोजना से नरयावली विधानसभा क्षेत्र के सागर विकासखंड के 8 एवं राहतगढ़ विकासखंड के 4 गांवों की कुल 5,246.64 हेक्टेयर (लगभग 12,965 एकड़) कृषि भूमि सिंचित होगी। सागर विकासखंड के ग्राम धारखेड़ी में 280.14, गोरा में 286.81, करांपुर में 251.85, सिमरिया में 429.17, सानोधा में 1,032.67, अमोदा में 208.29, तिंसुआ में 198.97 तथा पड़रिया में 843.07 हेक्टेयर भूमि सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगी। इन आठ गांवों में कुल 3,530.97 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इसी प्रकार राहतगढ़ विकासखंड के ग्राम जेरवारा में 543.11, खेजरा दुगाहा में 385.34, मेहर में 508.35 तथा सुनेटी में 278.87 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इन चार गांवों का कुल सिंचित क्षेत्र 1,715.67 हेक्टेयर है। उल्लेखनीय है कि विधायक इंजी. प्रदीप लारिया की पहल पर नरयावली विधानसभा क्षेत्र के उक्त गांवों को परियोजना में शामिल किया गया था। परियोजना से क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा तथा किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है। बैठक में अनिरुद्ध आनंद, कार्यपालन अभियंता, पीआईयू बंडा परियोजना, एसडीओ, इंजीनियर्स एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड : जिला शहर महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**सागर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर जिला शहर महिला कांग्रेस द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर गौर मूर्ति तक निकाला गया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लेकर अंकिता भंडारी को न्याय दो के नारे लगाए। इस दौरान महिला कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए अंकिता भंडारी मामले के कथित वीआईपी संदेही भाजपा नेता को राज्यपाल जैसे संवैधानिक और गरिमामय पद की जिम्मेदारी देने का पुरजोर विरोध किया। महिला कांग्रेस का कहना है कि यह निर्णय बेटियों की सुरक्षा और न्याय की भावना के खिलाफ है और इससे पीड़िता के परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद कमजोर होगी। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि अंकिता भंडारी हमारी बेटी थी, पूरे देश की बेटी थी। जिस वीआईपी का नाम इस जघन्य हत्याकांड में संदेह के घेरे में है, उसे सजा देने के बजाय राज्यपाल जैसे सर्वोच्च पद से नवाजा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह भाजपा का बेटी बचाओ का असली चेहरा है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी और अंकिता को न्याय दिलाकर रहेगी। जिला शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा हम आज यह कैंडल मार्च अंकिता की आत्मा की शांति और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए निकाल रही हैं।

### धान की बंपर आवक, दशहरा मैदान में नीलामी हुई, 4650 रुपए क्विंटल बिकी पूसा बासमती

# 200 ट्रॉलियों में 6 हजार क्विंटल धान पहुंची मंडी फुल होने से बंद करना पड़ गया गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

चार दिन की छुट्टी के बाद शुक्रवार को कृषि उपज मंडी के गेट खुले तो धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। नई धान की बंपर आवक के चलते मुख्य मंडी प्रांगण पहले ही फुल हो चुका है। ऐसे में दशहरा मैदान को अस्थायी धान मंडी बनाकर नीलामी शुरू कराई गई। सुबह 8 बजे से ही यहां 200 से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में 6 हजार क्विंटल से अधिक धान पहुंच गई। दशहरा मैदान वाहनों से भरने के बाद मंडी प्रबंधन को मुख्य गेट बंद कर प्रवेश रोकना पड़ा। अब ट्रॉलियों को सड़क किनारे कतार में खड़ा कर नंबर के अनुसार अंदर बुलाया गया। शुक्रवार को दशहरा मैदान ग्राउंड में हुई नीलामी में अच्छी गुणवत्ता की पूसा बासमती धान 4650 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी। बेहतर भाव मिलने से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। हालांकि बढ़ती आवक और नीलामी में एक से दो दिन तक इंतजार के कारण किसानों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है। कई किसानों को खुले मैदान में रात गुजारनी पड़ रही है। किसानों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।



**पूसा बासमती सबसे महंगी, अन्य किस्मों के**

- पूसा बासमती : 4650 रुपए प्रति क्विंटल तक
- 1509 बासमती : 4000 से 4350 रुपए
- 150 बासमती : 3800 से 4200 रुपए
- सुगंधा धान : 2800 से 3150 रुपए।
- सामान्य मोटी धान : 2400 से 2900 रुपए।

### रोजाना 20 हजार क्विंटल तक पहुंच रही धान की आवक

इस सीजन रायसेन मंडी में धान की आवक लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों तक रोजाना औसतन 10 से 12 हजार क्विंटल धान आ रही थी, जो अब बढ़कर 20 हजार क्विंटल के पार पहुंचने की स्थिति में है। गुरुवार को खराब मौसम और बादल छाए रहने के बावजूद 11 हजार 740 क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई थी। उस दिन व्यापारियों ने 1500 से 3600 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव लगाए थे। अच्छी गुणवत्ता वाली धान 3200 से 3500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिकी थी। मुख्य मंडी प्रांगण में जगह कम पड़ने के कारण पिछले दो साल से धान सीजन में दशहरा मैदान का उपयोग अस्थायी मंडी के रूप में किया जा रहा है। इस बार आवक अधिक होने से यहां भी व्यवस्था बनाने की चुनौती बढ़ गई है।

### खुले मैदान में रात गुजारने की मजबूरी

छुट्टियों के बाद नीलामी शुरू होने से पहले ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच गए थे। आवक अधिक होने के कारण कुछ किसानों को नीलामी के लिए एक से दो दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। ठंड बढ़ने के बीच खुले मैदान में रात गुजारना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। किसानों ने प्रशासन से अलाव, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग की है।

**इनका कहना है**

किसानों की सुविधा के लिए दशहरा मैदान में पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। प्रयास है कि प्रत्येक किसान की उपज की नीलामी समय पर हो और उसे उचित दाम मिले। आने वाले दिनों में धान की आवक और बढ़ने की संभावना है।
**नीलमणि वैद्य,** मंडी सचिव

### संतोषजनक मिल रहे उपज के दाम

किसान रमेश जाट, राजकुमार यादव मिर्जापुर, अखिलेश किरार, रूप सिंह, शेर सिंह लोधी, भाव सिंह गौर और रामबाबू ढांगी ने बताया कि इस बार धान की पैदावार अच्छी हुई है। अच्छी गुणवत्ता वाली उपज के दाम भी संतोषजनक मिल रहे हैं। हालांकि किसानों का कहना है कि नमी बढ़ने से धान की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिसका सीधा असर भाव पर पड़ता है। बारिश की आशंका के चलते किसान कटाई तेज कर उपज मंडी तक पहुंचाने में जुटे हैं।

### 1 से 7 नंबर तक लगाए बोर्ड, कतार से होगी नीलामी

किसानों की भीड़ नियंत्रित करने और सड़क पर जाम की स्थिति रोकने के लिए मंडी प्रबंधन ने दशहरा मैदान में लोहे के एंगल पर 1 से 7 तक नंबर वाले बोर्ड लगाए हैं। किसानों को अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां निर्धारित नंबर के अनुसार कतार में लगानी होंगी। इसके बाद क्रम से वाहनों को मैदान में प्रवेश देकर नीलामी कराई जा रही है। प्रबंधन का मानना है कि इससे नीलामी में सुविधा होगी और अव्यवस्था पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

### पुलिस गश्त पर उठाए सवाल

# दो दिन में एक दर्जन घरों को चोरों ने बना डाला निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं और पुलिस प्रशासन गहरी नींद में सोता नजर आ रहा है। पिछले दो दिनों के भीतर गैरतगंज में चोरों ने एक दर्जन से अधिक घरों को अपना शिकार बनाया है। वारदातों के इस सिलसिले से पूरे नगर में भयंकर दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। बीते 21 अक्टूबर की रात में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर 6 घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया, जिसके दूसरे ही दिन 22 अक्टूबर की रात सिलसिलेवार वारदातों को जारी रखते हुए टेकापार कॉलोनी में फिर से 6 घरों को निशाना बनाया गया। इन लगातार हो रही घटनाओं से साफ जाहिर है कि चोरों में पुलिस का कोई खौफ नहीं बचा है और वे बिना किसी डर के सूने और लक्षित घरों को धड़ल्ले से निशाना बना रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि चोरों ने उन घरों को लूटा है जहां लोगों ने अपनी पाई-पाई जोड़कर भविष्य के लिए सपने सजाए थे। चोरों ने किसी की जीवनभर की जमा-पूंजी पर हाथ साफ कर दिया गया है, तो वहीं किसी के घर में बच्चों की शादी के लिए रखे गए गहने और नकदी चोर ले उड़े।

**लगातार चोरी की वारदातों से लोगों में नाराजगी**

**पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर जनता का गुस्सा** नागरिकों का आरोप है कि इतनी बड़ी और लगातार वारदातों के बावजूद पुलिस कार्रवाई के नाम पर हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। न तो गश्त बढ़ाई जा रही है और न ही अपराधियों का कोई सुराग लग पा रहा है। नगरवासियों और पीड़ित परिवारों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी मांग की है कि जल्द से जल्द सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश किया जाए। आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए गहने, नकदी और संपत्ति की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करते हुए रात्रि गश्त को तत्काल तेज किया जाए।

**इनका कहना है**

मौके से फिंगर प्रिंट ले लिया है, घटना स्थल पर लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज भी चेक कर रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
**सोनाली गुप्ता,** एसडीओपी बेगमगंज

### सागर-सिलवानी मार्ग पर घेराबंदी कर पकड़ी शराब

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा सात पेटी शराब जब्त, दो आरोपी हिरासत में लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए सिलवानी पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार देर रात पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एसडीओपी आशुतोष त्यागी के मार्गदर्शन में पुलिस ने सागर-सिलवानी मार्ग स्थित टोल प्लाजा के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अल्टो कार क्रमांक एमपी 04- सीएन 3585 से देशी शराब की सात पेटियां जब्त की हैं। पुलिस ने कार में सवार लखन आदिवासी और रविंद्र यादव दोनों निवासी वटेर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जब्त की गई देशी मदिरा की कीमत 36 हजार रुपए बताई जा रही है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अल्टो कार में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और सागर-सिलवानी मार्ग पर टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोक लिया। पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट और डिक्की में रखी देशी शराब की सात पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने शराब के साथ परिवहन में इस्तेमाल की जा रही अल्टो कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के हवाले से बताया कि जब्त शराब सियरमऊ ग्राम से लाई गई है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अभिषेक खरे और सहायक उप निरीक्षक हरिओम चौबे, कृष्ण पाल सिंह चंदेल, भोजपाल सिंह शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर शराब कहां से लाई गई थी और कहां पहुंचाई जानी थी, इस संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।

### बेगमगंज में हादसा, डंपर के पहियों के नीचे आए बाइक सवार दो युवक

# सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर बीड़ी ब्रांच के सामने हुआ हादसा एक का सिर पहिए से कुचला, दूसरे की भी हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज

शुक्रवार को सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर बीड़ी ब्रांच के सामने भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक दो डंपरों के बीच चल रही थी, तभी वह एक डंपर की चपेट में आ गई। दोनों बाइक सवार डंपर के पहियों के नीचे आ गए, जिससे एक युवक का सिर पहिए के नीचे कुचल गया। बेगमगंज पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 35 वर्षीय राजेंद्र लोधी पिता पूरन तथा 40 वर्षीय रूप बसंत लोधी पिता रेवाराम निवासी नादनवाड़ा राहतगढ़ सागर बाइक क्रमांक एमपी 05 एमई – 5436 पर सवार थे।




इसी दौरान भोपाल की ओर जा रहे दो डंपरों के बीच उनकी बाइक आ गई। बाइक चालक संभल नहीं सके और डंपर क्रमांक एचआर 58 ई 6580 के पहिए के नीचे आ गए, जिससे एक युवक का सिर बुरी तरह कुचल गया तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक को भी गंभीर स्थिति में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।

**एसडीएम-एसडीओपी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा** सड़क हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उईके और तहसीलदार प्रमोद उईके ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने दोनों शवों को 108 एंबुलेंस की मदद से मर्चुरी भवन पहुंचाया तथा मामला दर्ज का जांच में लिया।

### रंजिश में पड़ोसियों ने किया हमला महिला समेत दो घायल, मामला दर्ज

सलामतपुर। थाना क्षेत्र के गोसाईं मोहल्ला में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों द्वारा एक ही परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला करने और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में पति-पत्नी दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी मलखान गिर (उम्र 37 वर्ष), निवासी गोसाईं मोहल्ला 21 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11 बजे मजदूरी करके रायसेन से अपने घर लौटकर घर के बाहर खड़े थे, तभी पड़ोसी किशन गिर वहां पहुंचा और थाने में रिपोर्ट करने की बात पर गाली-गलौज करने लगा। फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी किशन ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी का लड़का शनि गिर लोहे की रॉड लेकर वहां पहुंचा और मलखान के सिर पर दे मारा, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। इस बीच मलखान की पत्नी रीता बीच-बचाव करने आई, तो किशन की पत्नी सीमा बाई ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे रीता को भी चोट आई। मामले की सूचना पुलिस चौकी को दी गई, जहां एएसआई रामकिशोर उईके द्वारा देहाती नालसी कायम की गई। इसके बाद सलामतपुर थाना में आरोपी किशन गिर, शनि गिर और सीमा गिर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# धान की फसलें चट कर रहे आवारा पशु, रात में पहरेदारी कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के दीवानगंज क्षेत्र में आवारा गोवंश किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। खेतों में खड़ी धान की फसलों को आवारा पशुओं के झुंड नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल को बचाने किसानों को रातभर खेतों में जागकर पहरेदारी करनी पड़ रही है। इसके बावजूद पशु मौका मिलते ही खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि क्षेत्र में गौशालाओं का निर्माण होने के बाद भी आवारा गोवंश की समस्या से किसानों को राहत नहीं मिल रही है। क्षेत्र के दीवानगंज, कुल्हड़िया, बेरखेड़ी, बालमपुर, देहरी, सलामतपुर, ढकना चपना और लंबाखेड़ा सहित आसपास के गांवों में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, आसपास के गांवों के लोग आवारा और असहाय गोवंश को सड़क किनारे छोड़कर चले जाते हैं। इसके बाद ये पशु खेतों में पहुंचकर खड़ी फसलों को बर्बाद कर देते हैं।



किसानों का कहना है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में करीब दो सौ से अधिक गोवंश घूम रहे हैं, लेकिन उन्हें व्यवस्थित तरीके से रखने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

### रातभर जागकर फसल बचा रहे किसान

किसान संतोष साहू, दिनेश साहू, सुरेश साहू, अमर सिंह मीणा और राकेश कुशवाहा ने बताया कि खेतों में धान की फसल पक चुकी है। आवारा गोवंश के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को चट कर रहे हैं। किसान दिनभर खेतों में काम करते हैं और रात में फसल की रखवाली करने के लिए मजबूर हैं। पशुओं को एक खेत से भगाते हैं तो कुछ देर बाद दूसरे झुंड के साथ वे फिर खेत में पहुंच जाते हैं। इससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों पर संकट खड़ा हो गया है। रातभर खेतों में रुकना किसानों की मजबूरी बन गया है। किसानों का कहना है कि सरकार ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया है, लेकिन उनके क्षेत्र में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण परेशानी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गीदगढ़ में गौशाला का निर्माण करीब तीन साल पहले पूरा हो चुका है, लेकिन बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उसमें गोवंश को रखने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। वहीं, सेमरा में गौशाला का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दूसरी ओर, शाहपुर ग्राम पंचायत की गौशाला तैयार होने के बाद उसमें आवारा पशुओं को रखना शुरू कर दिया है। दीवानगंज क्षेत्र में चार गौशाला बनकर तैयार है, लेकिन इसके बाद भी आवारा पशु रोड और खेतों में घूम रहे हैं। गीदगढ़ की गौशाला तैयार होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं हो पाने से किसानों में नाराजगी है।

**इनका कहना है**

गौशाला का निर्माण कार्य तीन साल पहले पूरा हो चुका है, लेकिन बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गोवंश को वहां नहीं रखा जा सका है। इस संबंध में कई महीने पहले जनपद पंचायत सांची और रायसेन कलेक्टर को लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है।
**लीला किशन अहिरवार,** गीदगढ़ सरपंच

# स्कूल में पहुंचे कलेक्टर, बच्चों से पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

**कलेक्टर ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन**



स्कूल के निरीक्षण के बाद कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, एसपी आशुतोष गुप्ता और जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी के साथ विद्यार्थियों के बीच बैठकर मध्यान्ह भोजन किया।

नवागत कलेक्टर रोहित सिसोनिया शुक्रवार को बेगमगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत मरखेड़ा टप्पा स्थित शासकीय विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिसोनिया ने पाठ्यपुस्तकों से सवाल पूछकर बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी परखा।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पढ़ाई से जुड़े सवाल किए और उनके जवाब सुने। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन का महत्व समझाते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाई पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारियों के बच्चों के साथ भोजन करने से विद्यालय में सहज माहौल बना। कलेक्टर के इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को करीब से जानना रहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

### एकता, अनुशासन और सामाजिक परिवर्तन का संदेश दिया

# संघ के शताब्दी वर्ष पर निकाला पथ संचलन, लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दीवानगंज मंडल में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इसमें दीवानगंज मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पथ संचलन के माध्यम से स्वयं सेवकों ने समाज में एकता, अनुशासन और सामाजिक परिवर्तन का संदेश दिया। पथ संचलन की शुरुआत दीवानगंज स्थित एकीकृत कन्या शाला परिसर से हुई। यहां से स्वयंसेवक निर्धारित मार्ग से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सोसाइटी दीवानगंज ,गणेश चौक मंदिर अंबाडी और शिव पार्वती मंदिर अंबाडी तक पहुंचे।



इसके बाद पथ संचलन वापस प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह धाकड़ और खंड कार्यवाह अंशुल सहित संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### पंच परिवर्तन से समाज में बदलाव का संदेश

कार्यक्रम के दौरान विभाग प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह धाकड़ ने स्वयंसेवकों को संघ के पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन सहित पंच परिवर्तन के विषयों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाने, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने और परिवारों में संस्कारों को मजबूत करने के लिए प्रत्येक स्वयंसेवक की भूमिका महत्वपूर्ण है।